अभियान दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान के दूसरे चरण के तहत पशुपालकों के घर-घर पहुंच रहे पुशपालन विभाग के अधिकारी

नस्ल सुधार से पशुपालकों में आएगी समृद्धि

नवभारत, कटनी। पशुपालकों, किसानों की आय में वृद्धि, दुग्ध उत्पादन को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से पशुपालन, डेयरी विभाग द्वारा दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान का द्वितीय चरण जिलेभर में संचालित किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत अधिकारी-कर्मचारी घर-घर पहुंचकर पशुपालकों को नस्ल सुधार, पशु पोषण, पशु स्वास्थ्य की वैज्ञानिक जानकारी दे रहे हैं, जिससे पशुपालन को लाभकारी व्यवसाय के रूप में विकसित किया जा सके।

कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर पशुपालन, डेयरी विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, पशुपालकों, किसानों के घर-घर जा रहे हैं। दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान के तहत पशुपालकों को पशुओं में नस्ल सुधार, पशु पोषण, पशु स्वास्थ्य से संबंधित जानकारी दी जा रही है। कलेक्टर ने अभियान में स्थानीय जनप्रतिनिधियों की सहभागिता कराने के लिए कहा है। द्वितीय चरण में जिले के सभी गांवों में दुधारू पशु रखने वाले पशुपालकों से सीधे संपर्क कर संवाद किया जा रहा है। अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए प्रत्येक विकासखंड से एक पशु चिकित्सक को मास्टर ट्रेनर के रूप में राज्य स्तर पर प्रशिक्षित किया गया है।

प्रशिक्षण मल्टीमॉडल, पशु पोषण, पशु स्वास्थ्य, नस्ल सुधार तीनों पहलुओं में गतिविधि आधारित कराया गया है। इन प्रशिक्षित मास्टर नोडल द्वारा इसी प्रकार प्रशिक्षण कटनी जिला मुख्यालय, विकासखंड में सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी, मैत्री, गोसेवक को दिया गया है। दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान के द्वितीय चरण में 5 से 9 गौवंश, भैंसवंश रखने वाले पशुपालकों के यहां प्रशिक्षित विभागीय अमले द्वारा घर जाकर भेंट की जा रही है।

साथ ही उन्हें नस्ल सुधार, पशु पोषण, पशु स्वास्थ्य पर जागरूक किया जा रहा है। पशुपालन, डेयरी विकास विभाग के उपसंचालक डॉ आरके सोनी ने विकासखंड बड़वारा के ग्राम देवरी में पशुपालकों से संपर्क किया। संवाद के दौरान प्रमुख रूप से यह विषय सामने आया कि देवरी ग्राम में पशुपालन से लोगों का मोह भंग हो रहा है, क्योंकि दूध के खरीददार नहीं होने के कारण बहुत कम दर 25-30 रुपए प्रति लीटर में दूध बेचना पड़ता है। पशुपालकों को दुग्ध समिति के गठन, उससे होने वाले लाभ की जानकारी दी गई।

पशुपालक समिति गठन के लिए तैयार हैं। पशुपालकों को बताया गया है कि कैसे पाशुपालन को लाभ का धंधा बनाया जा सकता है, पशुपालकों और किसानों को दुग्ध समृद्धि अभियान की जानकारी दी गई।

जेल से जमानत पर रिहा आरोपियों का सत्यापन

जिले के सभी थाना क्षेत्र में चलाया गया विशेष अभियान

नवभारत, कटनी। जिले में कानून और शांति व्यवस्था बनाए रखने, अपराधों की रोकथाम के लिए जेल से रिहा होकर जमानत पर बाहर आए अपराधियों का थानों में बुलाकर सत्यापन करने का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत अपराधों में जमानत पर जेल से रिहा होकर बाहर आए आरोपियों को संबंधित थाना क्षेत्रों में बुलाकर उनका सत्यापन किया गया। थाना प्रभारियों द्वारा हाल ही में जेल से छूटकर आए क्षेत्र के अपराधियों को थाने बुलाकर उनकी जानकारी का सत्यापित की गई।

आरोपियों को उन्हें अनुशासन और कानून का पालन करने की सख्त हिदायत दी गई। इस दौरान स्पष्ट रूप से चेतावनी दी गई कि भविष्य में किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि में संलिप्त पाए जाने पर उनके विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। जिले में अपराध पर प्रभावी अंकुश लगाना और क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की प्राथमिकता है। इसी क्रम में अपराधियों और असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर लगातार निगरानी की जा रही है। अपराधियों की जानकारी ली जा रही है। सत्यापन की इस कार्रवाई में चोरी, लूट, मारपीट सहित अन्य गंभीर अपराधों में संलिप्त रहे व्यक्ति शामिल रहे। पुलिस द्वारा भविष्य में भी इस प्रकार की निगरानी और सत्यापन की कार्रवाई की जाएगी।

एक नजर में

नदीम को बनाया गया रीठी ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष

नवभारत, रीठी। कांग्रेस पार्टी के संगठन सृजन अभियान के तहत प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी और प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी के निर्देशानुसार जिला अध्यक्ष सौरभ सिंह, जिला प्रभारी वीरेंद्र द्विवेदी के अनुमोदन पर रीठी ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष पद पर नदीम अहमद की नियुक्ति की गई है। नदीम को ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष बनाए जाने पर डॉ नरेंद्र राय, महेंद्र जैन, शब्बीर खान, मुकेश यादव, नवनीत चतुर्वेदी, रमेश पटेल, रामदयाल चढ़ार, गौरव शाह,संजू नामदेव, राजेश जैन, सुमेर पटेल, अरुण राय, खुशी लाल पटेल , शेख गफ्फार, सुशील राय, नीरज पांडेय, शैलेन्द्र जैन, जगदीश बर्मन, राजकुमार बर्मन, राजेश राय, विष्णु विश्वकर्मा, प्रिंस जैन, सतीश राय, विलोचन चौधरी, रोहित राय, राजीव राय , संतोष उपाध्याय, कैलाश पटेल, रोशन पटेल, कमल पटेल, कोमल नामदेव, सचिन पटेल, जय पटेल, नोने सिंह, विपिन राजा तिवारी, प्रवीण राय, पंकज, प्रतीक, अरविंद मेहरा, नसीर खान, हरिशंकर बेन, छोटा पठान, धर्मेंद्र प्रधान, रमजान खान, अवीरचंद पटेल, पवन बर्मन, अजय चौधरी, सुरेश चौधरी, गोपाल ठाकुर, अहिवरन सिंह, परवेज खान, आफताब खान, मोनू मरकाम, नैयर कुरैशी, अजहर कुरैशी, संदीप, शौर्य, दीपक राय, राजेश सेन, नीलू बर्मन सहित कार्यकर्ताओ ने हर्ष व्यक्त किया है।

खनिज के अवैध परिवहन पर हाइवा जब्त

नवभारत, कटनी। जिला खनिज अधिकारी रत्नेश दीक्षित ने बताया कि विजयराघवगढ़ तहसील के ग्राम जुनवानी कला में बंद हो चुकी चूना पत्थर खदान में मलबा को सफाई कर खनन करने की तैयारी करते हुए एक चैन माउंटेन मशीन और जुनवानी कला के पास से खनिज का अवैध भंडारण करने हाइवा जब्त किया गया है।

पीड़ित पक्ष से रखें लगातार संपर्क, करें गवाहों की सुरक्षा

कंट्रोल रूम में आयोजित अपराध समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देश

नवभारत, कटनी। पुलिस कंट्रोल रूम में अपराध समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें लंबित अपराधों की समीक्षा की गई और अपराधों के निराकरण के निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा द्वारा जिले में पंजीबद्ध चिन्हित और सनसनीखेज़ प्रकरणों की प्रगति की समीक्षा की। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रत्येक प्रकरण की वर्तमान स्थिति की जानकारी लेकर उसकी समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने सभी लिंक अधिकारियों को निर्देशित किया कि पीड़ित पक्ष से लगातार संपर्क बनाए रखा जाए, गवाहों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए और प्रकरण में तकनीकी, विधिक पहलुओं का पूर्ण रूप से पालन किया जाए। पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी चिन्हित और सनसनीखेज़ प्रकरणों में तत्काल निष्पक्ष, प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि पीड़ितों को न्याय मिल सके और अपराधियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई हो। बैठक में लंबित अपराधों के निराकरण के निर्देश दिए गए है। बैठक में लिंक अधिकारी, थाना प्रभारी, चौकी प्रभारी, रीडर निरीक्षक अरविंद चौबे की उपस्थिति रही।

गुणवत्ता, पारदर्शिता और समय-सीमा में पूरे कराए जा रहे हैं निर्माण कार्य

महापौर ने किया श्रीराम द्वार और पार्क का लोकार्पण

नवभारत, कटनी। शहर के नेहरू वार्ड में लगभग 94 लाख रुपए की लागत से निर्मित और प्रस्तावित सड़क, नाली, द्वार सहित उद्यान जैसे बहुप्रतीक्षित विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी, नगर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक और क्षेत्रीय पार्षद शशिकांत तिवारी की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर महापौर ने कहा कि नगर निगम द्वारा शहर के सभी वार्डों में विकास कार्य कराए जा रहे हैं। सड़क, नाली और सार्वजनिक स्थलों के विकास से शहरवासियों को सुविधा दी जा रही है। सड़क, नाली और प्रकाश व्यवस्था को ध्यान में रखकर निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं। महापौर ने कहा कि सभी विकास कार्यों को गुणवत्ता, पारदर्शिता और निर्धारित समय सीमा में कराया जा रहा है। क्षेत्रीय पार्षद शशिकांत तिवारी ने कहा कि इन कार्यों से नेहरू वार्ड की वर्षों पुरानी समस्याओं का स्थायी समाधान होगा और नागरिकों को प्रत्यक्ष रूप से पार्क जैसी सार्वजनिक सुविधाओं का लाभ मिलेगा। कार्यक्रम के अंतर्गत नेहरू वार्ड स्थित माधवनगर में श्रीराम द्वार और हाउसिंग बोर्ड टिनी टॉट्स स्कूल के पास नवनिर्मित पार्क का विधिवत लोकार्पण महापौर, क्षेत्रीय पार्षद की उपस्थिति में डॉ. ऋषभ जैन के करकमलों द्वारा फीता काटकर कराया गया। वार्ड में श्रीराम द्वार और पार्क से न सिर्फ सांस्कृतिक पहचान को सशक्त करेंगे, बल्कि यह स्थान नागरिकों के लिए विश्राम और मनोरंजन का प्रमुख केंद्र भी बनेंगे।

कार्यक्रम के समापन पर क्षेत्रीय उपयंत्री द्वारा निर्माण कार्यों की जानकारी दी गई। वहीं क्षेत्रवासियों ने आभार व्यक्त करते हुए विकास कार्यों की सराहना की। इस दौरान क्षेत्रीय नागरिक विजय पांडेय, अजय जैन, टीकाराम विश्वकर्मा, गौरव सियाल, डब्बू दुग्गल, लालमन रजक, कपिल आनंद, जम्मू सेन, संजू बर्मन, पिंकी जैन, उपयंत्री संजय मिश्रा सहित वार्डवासियों की उपस्थिति रही।

नदी-तालाबों की गई साफ-सफाई, बताया जल सरंक्षण का महत्व

टिकरिया में आयोजित किया गया जागरूकता कार्यक्रम

नवभारत, उमरियापान। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के निर्देशन में ग्राम टिकरिया, ग्राम पंचायत पथवारी, विकासखंड बड़वारा में जल संचय अभियान के अंतर्गत एक जागरूकता और श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जन अभियान परिषद की ब्लॉक समन्वयक नंदनी वाटिया के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के तहत दत्तात्रेय आश्रम टिकरिया मंदिर प्रांगण में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति पथवारी, सीएमसीएलडीपी के एमएसडब्ल्यू, बीएसडब्ल्यू विद्यार्थियों की सहभागिता रही । जल संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पथवारी ग्राम स्थित पंच जल कुंड धाम, झिरिया घाट का निरीक्षण कर नदी और तालाबों की साफ-सफाई कराई गई और बोरी बंधान की आवश्यकता का जायजा लिया गया। ब्लॉक समन्वयक नंदनी वाटिया ने ग्रामीणों को जल संचय के महत्व की जानकारी देते हुए बताया कि वर्षा जल संरक्षण, नदी-तालाबों की स्वच्छता और बोरी बंधान जैसे प्रयास भविष्य में जल संकट से बचाव में सहायक होंगे। उन्होंने जन सहभागिता के माध्यम से जल संरक्षण को जन आंदोलन बनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर नवअंकुर संस्था प्रतिनिधि राम सखा पाल, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष गणेशपुरी गोस्वामी, ग्राम पंचायत पथवारी के सरपंच प्रतिनिधि ठाकुर अमर राज सिंह, एचपी चंद्रास्वामी, हनुमंत प्रसाद पयासी, सचिन सिंह चौहान, सुजीत महोबिया, आशीष सिंह विशेन, सुनील कुमार राय, श्रीमती खुशबू सिंह, लव कुश भूमिया, सुरेंद्र सिंह, उदयभान सिंह, शिव प्रसाद रैदास, सीमा सिंह सहित काफी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

अमानक पॉलीथिन जब्त, 16 हजार 7 सौ का जुर्माना

संयुक्त टीम द्वारा बाजार क्षेत्र में की गई कार्रवाई

नवभारत, कटनी। मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और नगर निगम की स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम द्वारा अभियान चलाकर सिंगल यूज प्लास्टिक, थर्मोकोल से बनी सामग्री और डिस्पोजल का विक्रय, संग्रहण करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई। छापामार कार्रवाई के दौरान 5 प्रतिष्ठान संचालकों द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक पॉलीथिन कैरी बैग, थर्माकोल प्लास्टिक बोतल का विक्रय, संग्रहण करते पाए जाने पर संबंधितों पर 16 हजार 7 सौ रूपए का जुर्माना लगाया गया। अमानक सामग्री को जब्त कर ली गई है। संयुक्त दल द्वारा कार्रवाई के दौरान रामलीला मैदान के सामने गोल बाजार स्थित महावीर ट्रेडर्स पर एक हजार रुपए, शिव भंडार के पास हनी डिस्पोजल पर पांच हजार रुपए, रामलीला मैदान पायल मार्केटिंग पर पांच हजार रुपए, कमानिया गेट गली विद्या स्टोर पर 700 रुपए, बी.डी अग्रवाल वार्ड सराय स्थित गुरु नानक इंडस्ट्रीज पर पांच हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया।

विश्राम बाबा में बच्ची पर आवारा कुत्तों ने किया हमला

पूरे शहर में आवारा कुत्तों का आतंक, नहीं हो रही कार्रवाई

नवभारत, कटनी। माधवनगर थाना अंतर्गत विश्राम बाबा क्षेत्र स्थित न्यू हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में खेल रही एक छोटी बच्ची पर तीन से चार आवारा कुत्तों के झुंड ने हमला कर दिया। बच्ची किसी तरह भाग कर अपनी जान बचाई। आवारा कुत्तों के हमले का वीडियो भी सोशल मीडिया में वायरल हो गया है। जिसमें स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है तीन से चार आवारा कुत्ते बच्ची पर हमला करने के लिए उसके पीछे दौड़ रहे हैं। कुत्तों से बचने के लिए दौड़ रही बच्ची कार से टकरा गिर भी गई है। जिसके कारण उसको मामूली चोट आई है। स्थानीय लोगों ने समय रहते शोर मचाकर कुत्तों को भगाया, जिससे बच्ची सुरक्षित बच गई। स्थानीय लोगों ने बताया कि कॉलोनी में लंबे समय से आवारा कुत्तों का आतंक है। कॉलोनी की एक महिला करीब 20 से अधिक आवारा कुत्तों को संरक्षण देती आ रही है, जिससे उनकी संख्या लगातार बढ़ रही है। लोग बताते हैं कि कुत्ते राह चलते लोगों को डराते हैं और काटने को दौड़ते हैं।

जिले के 140 श्रमिकों के खाते में भेजे गए दो करोड़ 93 लाख रूपए

संबल योजना के तहत श्रमिकों के खाते में भेजे गए रूपए

नवभारत, कटनी। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने संबल योजना के तहत जिले के 140 श्रमिक परिवारों के बैंक खाते में 2 करोड़ 93 लाख रूपए की राशि सिंगल क्लिक के माध्यम भेजी है। कलेक्ट्रेट कार्यालय स्थित एनआईसी कक्ष के वीडियो कांफ्रेंसिंग कक्ष में कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाया गया। संबल योजना के अंतर्गत जिले में सामान्य और दुर्घटना मृत्यु के प्रकरणों में मुख्यमंत्री द्वारा जनपद पंचायत ढीमरखेडा के 16 हितग्रहियों को 38 लाख रूपए, जनपद पंचायत कटनी के 7 हितग्रहियों को 14 लाख रूपए, जनपद पंचायत बड़वारा के 7 हितग्रहियों को 14 लाख रूपए, जनपद पंचायत रीठी के 7 हितग्रहियों को 16 लाख रूपए, जनपद पंचायत बहोरीबंद के 15 हितग्रहियों को राशि 30 लाख रूपए, जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ के 16 हितग्रहियों को राशि 37 लाख रूपए की राशि भेजी गई है। इसके अलावा नगर निगम के 63 हितग्रहियों को राशि 1 करोड 26 लाख रूपए, नगर परिषद कैमोर के 1 हितग्राही को 2 लाख रूपए, नगर परिषद बरही के 8 हितग्रहियों को राशि 16 लाख रूपए, राशि भेजी गई है।

संबल योजना के तहत असंगठित क्षेत्र में कार्यरत श्रमिकों और उनके परिजनों को सहायता राशि दी जाती है। दुर्घटना में मृत्यु होने पर 4 लाख रूपए, सामान्य मृत्यु होने पर 2 लाख रूपए दिए जाते हैं। स्थायी अपंगता पर 2 लाख रूपए और आंशिक स्थायी अपंगता पर 1 लाख रूपए, अंत्येष्टि सहायता के रूप में 5 हजार रूपए दिए जाते हैं। महिला श्रमिक को प्रसूति सहायता के रूप में 16 हजार रूपए दिएजाते हैं।

विकास शहर के कावसजी वार्ड में 40 लाख की लागत से कराए जाएंगे विकास कार्य, महापौर की उपस्थिति में कराया गया भूमिपूजन

सड़क निर्माण से बेहतर होगी आवागमन की व्यवस्था, कम होगा यातायात का दबाव

नवभारत, कटनी। कावस जी वार्ड और वंश्वरूप वार्ड में 40 लाख की लागत से विकास कार्य कराए जाएंगे। महापौर प्रीति संजीव सूरी की उपस्थिति में निर्माण कार्यों का भूमिपूजन कराया गया है। कावसजी वार्ड के नागरिकों को विकास कार्यो की सौगात देने पहुंची महापौर महापौर द्वारा भूमिपूजन के पहले स्थानीय नागरिकों के साथ सीसी रोड निर्माण कार्य के निर्माणाधीन दोनों स्थलों का निरीक्षण करते हुए कहा कि इन विकास कार्यों के पूरा होने से न सिर्फ आवागमन व्यवस्था बेहतर होगी, बल्कि यातायात का दबाव भी कम होगा। निरीक्षण के दौरान महापौर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य गुणवत्ता मानकों के अनुरूप और निर्धारित समयसीमा में पूरा कराएं, ताकि नागरिकों को जल्द बेहतर यातायात सुविधा उपलब्ध हो सके। इस दौरान महापौर ने वार्डवासियों से सड़क पूरी तरह बनने के बाद ही आवागमन प्रारंभ कर विकास कार्यों में नगर निगम का सहयोग करने के लिए कहा। आवागमन की सुविधा के लिए लगभग 40 लाख की लागत से कराए जाने वाले विकास कार्यों में कावसजी वार्ड मे नैनसी स्कूल से टोनी बाबा तक 27 लाख रुपए और मुक्तिधाम से सुरेश वेबकास्ट तक 18 लाख रुपए से सीसी रोड निर्माण का कार्य शामिल है। क्षेत्रीय पार्षद संजू जीवन चौधरी द्वारा वार्ड वासियों की ओर से महापौर का स्वागत किय गया। उन्होने कहा कि वार्ड के दोनों स्थलों में सीसी रोड निर्माण की मांग काफी लंबे समय से की जा रही थी। निर्माण कार्य पूरा हो जाने से क्षेत्रीय वार्ड के निवासियों सहित आसपास के वार्ड के नागरिकों को भी आवागमन की बेहतर सुविधा मिल सकेगी। भूमिपूजन कार्यक्रम के अवसर पर मेयर इन काउंसिल सदस्य सुभाष साहू, डॉ रमेश सोनी, सुरेंद्र गुप्ता सहित पार्षद शकुंतला सोनी, पूर्व पार्षद जीवन चौधरी, अरुण गुप्ता, मुरारी कुरील, मंडल अध्यक्ष सौरभ अग्रवाल, क्षेत्रीय उपयंत्री संजय मिश्रा, निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि कार्यक्रम के दौरान पूनम पटेल, पूजा साहू, रजनी साहू, उमा गुप्ता, ममता सेजवाल, मीना सेजवाल सहित वार्डवासियों की उपस्थिति रही।

कांग्रेस में नियुक्त किए गए ब्लॉक और उपब्लॉक अध्यक्ष

नवभारत, कटनी। मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी ने जिला कांग्रेस कमेटी की अनुशंसा पर जिले में ब्लाक कांग्रेस अध्यक्षों को नियुक्ति कर दिया है। ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ सिंह ने बताया कि कांग्रेस कमेटी द्वारा जारी सूची में बहोरीबंद ब्लॉक अध्यक्ष नरेन्द्र सैनी, रीठी ब्लॉक अध्यक्ष नदीम अहमद, बाकल उपब्लॉक अध्यक्ष संतोष पटेल, स्लीमनाबाद उपब्लॉक अध्यक्ष प्रदीप त्रिपाठी, बिलहरी उपब्लॉक अध्यक्ष चिंतामणि तिवारी, बड़वारा में विकास निगम, ढीमरखेड़ा में आनंद मिश्रा, देवरीहाटाई उपब्लॉक अध्यक्ष रमाकांत दुबे, विजयराघवगढ़ में रवींद्र सिंह बघेल, सिंगोड़ी उपब्लॉक अध्यक्ष शरद दुबे, बरही उपब्लॉक अध्यक्ष अंबिका प्रसाद, मुड़वारा ब्लॉक अध्यक्ष सुशील जायसवाल, इंदिरा गांधी ब्लॉक अध्यक्ष राजेश जाटव, राजीव गांधी ब्लॉक अध्यक्ष जितेन्द्र गुप्ता, माधवनगर उपब्लॉक अध्यक्ष अजय जेसवानी को नियुक्त किया गया है।

धर्मलोक हॉस्पिटल
A unit of Dharmlok Hospital Pvt. Ltd.
AN ISO 9001 : 2015 CERTIFIED

दूरबीन से पित की पथरी की सर्जरी, दूरबीन से अपेंडिक्स सर्जरी, दूरबीन से ओपन पेट की सर्जरी, उन्नत तकनीक (स्टेपलर/लेटर) के फिस्टुला सर्जरी, स्तन सर्जरी, किडनी/ प्रोस्टेट/मूत्राशय सर्जरी, मधुमेह पैर की देखभाल/सर्जरी, तीव्र और जीर्ण घाव प्रबंधन।

डॉ. राजेश बत्रा
एम.एस., एफ.एम.ए.एस., एफ.आई.ए.जी.ई.एस., एफ.ए.आई.एस.
जनरल और लैप्रोस्कोपिक सर्जन

डॉ. हर्षा बत्रा
एमडी (ओबीजी) सोनोग्राफी डिप्लोमा
स्त्री, प्रसूति एवं बांझपन विशेषज्ञ

सामान्य एवं सिजेरियन डिलीवरी, अंडेदानी की गठान, उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था, निःसंतानता, बच्चेदानी निकालना, सफेद पानी का इलाज, गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी, बार-बार गर्भपात होना, पॉलिसिस्टिक ओवेरियन डिजीज/सिंड्रोम।

आयुष्मान कार्डधारी मरीजों का एवं हेल्थ इंश्योरेंस कार्ड धारी मरीजों का निःशुल्क इलाज किया जाता है।
ओपीडी सुबह 11:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक

पता-आदर्श कालोनी रोड, कटनी (म.प्र.)
Ph. 07622-422390, 796084 Help line 24x7: 8305402024